CIIL, Bilingual Education Series-15

हिन्दी-वागड़ी-हिन्दी विद्यार्थी कोश

(प्राथमिक स्तर के बच्चो के लिए)

संपादक

जगदीश चन्द्र शर्मा

भारतीय भाषा संस्थान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय,शिक्षा विभाग,भारत सरकार)
मानसगंगोत्री, मैसूर - 570 006

हिन्दी-वागड़ी-हिन्दी
विद्यार्थी कोश

CENTRAL INSTITUTE OF INDIAN LANGUAGE
BILINGUAL EDUCATION SERIES - 15

CIIL, Bilingual Education Series-15

हिन्दी-वागड़ी-हिन्दी विद्यार्थी कोश

(प्राथमिक स्तर के बच्चो के लिए)

संपादक

जगदीश चन्द्र शर्मा

सत्यमेव जयते

भारतीय भाषा संस्थान
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय,शिक्षा विभाग,भारत सरकार)
मानसगंगोत्री, मैसूर - 570 006

Hindi - Wagdi - Hindi Students' Dictionary
J.C.Sharma (Ed.)
Pp. X+112

First published : *January 1996*
Pausa 1917

© *Central Institute of Indian languages, Mysore, 1996*

Experimental Edition
(Under Bilingual Education Experimental Programme)

Price Rs. 41/-

Published by Dr. Francis Ekka, Director I/C,
Central Institute of Indian Languages, Mysore.
Printed by Mr.S.B. Biswas, Manager,
CIIL Printing Press, CIIL Campus, Manasagangotri, Hunsur Road,
Mysore - 570 006, India.

प्रस्तावना

आधुनिक शिक्षा निसंदेह आर्थिक एवं सामाजिक विकास का एक अभिन्न अंग है । यदि हमारा समाज आदिवासी वर्ग का उत्थान चाहता है तो यह आवश्यक है कि उनमें शिक्षा की ज्योति जगाये । आदिवासी बच्चों की शिक्षा उनके वातावरण, जीवन और भाषा को ध्यान में रखकर ही सुगम हो सकती है । अधिकतर पुस्तकें मध्य वर्गीय एवं उच्च समाज का प्रतिनिधित्व करती हैं जो समाज के पिछड़े वर्ग को अध्ययन के लिए शायद ही प्रोत्साहित करती हैं । ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आदिवासियों के स्कूल एवं घर की भाषा में प्रायः समानता नहीं होती और इसी भाषिक असमानता के कारण आदिवासी बच्चों के लिये अध्यापन बोधगम्य नहीं होता। इसके अतिरिक्त अधिकतर आदिवासी परिवार में बच्चों को स्कूल भेजने की प्रथा नहीं होती । आदिवासी बच्चों की परिवार से स्कूल जानेवाली पहली पीढ़ी होती है । बच्चों के लिये स्कूल का वातावरण विचित्र होता है और घर पर उन्हें पढ़ने की कोई सुविधा नहीं मिलती। इसी वजह से आदिवासी बच्चे प्राथमिक स्तर पर ही या तो फेल हो जाते हैं या स्कूल छोड़ देते हैं। राजस्थान प्राथमिक स्तर पर लगभग ७०% बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं और दूसरे राज्यों में भी स्थिति लगभग ऐसी ही है ।

आदिवासी बच्चों की इस भाषिक समस्या को ध्यान में रखते हुए इस संस्थान ने इन बच्चों को मूलधारा में लाने के लिए द्विभाषी शिक्षा का प्रावधान किया है । इसके अंतर्गत बच्चों को मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा देने के बाद राज्यभाषा माध्यम से शिक्षा में परिवर्तित करने का प्रावधान है । शिक्षाविदों, भाषा-वैज्ञानिकों एवं मनो वैज्ञानिकों के अनुसार इस व्यवस्था से बच्चों का बौद्धिक विकास अधिक हो पाता है एवं वे सुगमता से मुख्य धारा में जुड़ सकते हैं । इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए

संस्थान ने राजस्थान में भील आदिवासी बच्चों को हिन्दी सिखाने का प्रयास किया है । हमें आशा है कि इस प्रयास से आदिवासी बच्चे लाभान्वित होंगे और शिक्षा में प्रगति कर पायेंगे ।

(फ्रांसिस एक्का)
निदेशक

भूमिका

हिन्दी-वागड़ी-हिन्दी शब्दकोश राजस्थान में स्थित वागड़ क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए तैयार किया गया है। राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी भाग में डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा जिले और उदयपुर जिले की खेरवाड़ा एवं सलूंबर तहसील को वागड़ क्षेत्र कहते है। यहाँ मुख्यतया लोग वागड़ी भाषा बोलते है। इस क्षेत्र में 80% लोग भील जन जाति के हैं और बाकी लोग अन्य सभी जातियों से संबंधित हैं। यह भाषा क्षेत्र मेवाड़, मालवा और गुजरात के मध्य में अवस्थित है। इसीलिए मेवाड़ी, मालवी और गुजराती का प्रभाव वागड़ी पर दिखाई देता है जिसके कारण वागड़ी में क्षेत्रीय विभिन्नताए स्पष्ट नजर आती हैं। उदाहरण के लिए ऋषभदेव-खेरवाड़ा की वागड़ी पर मेवाड़ी का प्रभाव, डूंगरपुर में गुजराती का प्रभाव और बांसवाड़ा क्षेत्र की वागड़ी पर मालवी का प्रभाव है। क्षेत्रीय भिन्नताओं के अलावा वागड़ी में आदिवासी जनजाति द्वारा बोले जाने वाली वागड़ी एवं अन्य जाति द्वारा बोले जाने वाली वागड़ी में भी अन्तर है। भील वागड़ी मे मूर्धन्य "ळ" ध्वनि का प्रयोग शब्द के आरंभ के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर काफी पाया जाता है। इसके स्थान पर जैन, महाजन ब्राह्मण प्रायः "र" ध्वनि का प्रयोग करते हैं। जैसे काळो-कारो (काला) खोळो-खोरो (गोद) गोळो-गोरो (गोला) बळ-बर (बल), डाळ-डार (दाल) इत्यादि।

प्रस्तुत कोश वागड़ी-हिन्दी द्विभाषा शिक्षण प्रणाली में प्राथमिक स्तर पर पहला प्रयोग है जो कि बहुत ही सामान्य स्तर पर किया गया है। इस कोश में लगभग 2200 हिन्दी एवं वागड़ी के शब्द हैं जो कि राजस्थान में प्रयुक्त पहली से पांचवी कक्षा तक की पाठ्य पुस्तकों से इकट्ठे किये गए हैं। यह कोश वागड़ी भाषी बच्चों के लिए तैयार किया गया है। ये बच्चे परिवार से प्रायः पहली स्कूल में आने वाली पीढ़ी है और अधिकतर बच्चों के माता पिता निरक्षर है; जिन्हे हिन्दी भाषा नहीं आती। हिन्दी भाषा सीखना इन बच्चों के लिए कठिन है और इसके कारण स्कूली शिक्षा ग्रहण करना काफी जटिल हो जाता है। इस

क्षेत्र के बच्चे इसी कारण से काफी संख्या में फेल हो जाते है या स्कूल छोड़ देते हैं। ऐसी परिस्थिति में इन बच्चों के भाषा शिक्षण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।

इस शब्दकोश के दो भाग हैं। पहला भाग हिन्दी-वागड़ी है जिसमें मूल प्रविष्टि हिन्दी शब्द की है और उसका वागड़ी समानार्थी शब्द दिया गया है। इसका उद्देश्य है कि बच्चे अपनी पाठ्य पुस्तक के शब्दों का भाव अपनी भाषा (वागड़ी) के माध्यम से आसानी से समझ सकते है। इस शब्दकोश का दूसरा भाग वागड़ी-हिन्दी है, जिसमें मूल प्रविष्टि वागड़ी शब्द की है और उसका हिन्दी समानार्थी शब्द दिया गया है। अधिकतर शब्द वागड़ी की मूल प्रविष्टि हैं जो पहले भाग मे हिन्दी के समानार्थी हैं। इससे बच्चे वागड़ी के समानार्थी हिन्दी शब्द ढूंढ सकते हैं। तथा अपने हिन्दी शब्दों के ज्ञान की पुष्टि कर सकते हैं और वागड़ी के माध्यम से हिन्दी शब्द सीख सकते हैं जो पांच स्तर की पाठ्य पुस्तकों में प्रयुक्त हुए हैं।

वागड़ी एवं हिन्दी दोनों एक ही परिवार की भाषा हैं, किन्तु दोनों में काफी असमानताएँ हैं जिसके कारण वागड़ी भाषी के लिए हिन्दी सीखने में विशेष प्रयास की आवश्यकता पड़ती है। वागड़ी एवं हिन्दी में प्रयुक्त देवनागरी के सभी वर्ण एक समान नहीं हैं। कई वर्ण जो हिन्दी में हैं किन्तु वागड़ी में नहीं हैं जैसे वागड़ी में हिन्दी के वर्ण तालव्य "श" मूर्धन्य 'ष' और वर्त्स्य 'स' में सें केवल 'स' का ही प्रयोग होता है। 'च', 'छ', 'ज' में से केवल 'ज' (ज़) का ही प्रयोग होता है। 'च' 'छ' के स्थान पर वागड़ी में 'स' प्रयुक्त होता है जैसे कि चर्चा, चश्मा, चाँद, चादर, चोंच, छापना, छाल के समानार्थी शब्द वागड़ी में क्रमशः सरसा, ससमो, सांदो, सादरो, सोंस, सापवु, सोल हैं। किन्तु ऋषभदेव में कहीं कहीं 'छ' का प्रयोग भी सुनाई देता है। इस दिशा में और शोध की आवश्यकता है।

वागड़ी मे घोष वर्ण की मात्रा हिन्दी से कम है। हिन्दी में मूर्धन्य 'ळ' वर्ण नही मिलता किन्तु आदिवासी वागड़ी में इसका प्रयोग शब्दारम्भ के अतिरिक्त हर स्थान पर होता है। हिन्दी में स्वर वर्ण वागड़ी के स्वरों

से प्रायः कुछ दीर्घ हैं। जिसके कारण वागड़ी बच्चे लिखने में हिन्दी स्वर की गलतियाँ करते हैं।

वागड़ी में तीन लिंग हैं :- पुंलिंग, स्त्रीलिंग एवं नपुंसक लिंग। संज्ञा शब्द के सामने केवल लिंग ही दिया है। इसी प्रकार हर क्रिया शब्द अकर्मक या सकर्मक की श्रेणी में रखी गई है। प्रेरणार्थक क्रिया को भी सकर्मक की श्रेणी में रखा गया है। प्रत्येक विशेषण शब्द जो हिन्दी एवं वागड़ी में संज्ञा के अनुसार तीनो लिंगों मे प्रयुक्त होते हैं, वागड़ी मूल-प्रविष्टि नपुंसकलिंग में दी गई हैं। जैसे विशेषण शब्द काळो 'पु०', काळी 'स्त्री०', काळु (नपुं०) में से 'काळु' को ही दिया गया है। हिन्दी में दो लिंग है मूल-प्रविष्टि मे पुंलिंग रूप ही दिया गया है।

इस पुस्तक को तैयार करने में राजस्थान शिक्षा विभाग के कई अध्यापकों ने सहयोग दिया है। उनमें से श्री वासुदेव शास्त्री, श्रीमती कमला जैन, श्री रमेश चन्द्र पण्डया, श्री केशुराम कटारा, श्री रामलाल आहारी एवं कुमारी लक्ष्मी डामोर का मैं विशेष आभारी हूँ। इनको प्रतिनियुक्त करने के लिए में राजस्थान शिक्षा विभाग का आभारी हूँ। भारतीय भाषा संस्थान के निदेशक से इस काम को पूरा करने के लिए प्रेरणा मिली। इसके अतिरिक्त इस पुस्तक के तैयार करने के लिए मुझे श्रीमती उमा शंकर, श्रीनिवासाचार्य एवं संस्थान के प्रेस के कर्मचारियों का भी सहयोग मिला इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ।

संपादक

संकेत संदर्भ

अक०	*अकर्मक क्रिया*
क्रि० वि०	*क्रिया विशेषण*
नपुं०	*नपुंसकलिंग*
पर०	*परसर्ग*
पुं०	*पुंलिंग*
वि०	*विशेषण*
सक०	*सकर्मक क्रिया*
संयो०	*संयोजक*
सर्व०	*सर्वनाम*
स्त्री०	*स्त्री लिंग*

हिन्दी - वागड़ी

अ

अंकित *वि०* लकेलु
अंकुरण *पुं०* पोयो
अंगड़ाई *स्त्री०* आमलो
अंगुली *स्त्री०* आँगळी
अंग्रेज *पुं०* अंगरेस
अंचल *पुं०* हेम
अंतर *पुं०* फरक
अंतरिक्ष *पुं०* अंगास, हणगाँ
अंतर्राष्ट्रीय *पुं०* पूरी दुनियाँ, आकी दुनिया
अंतिम संस्कार *पुं०* दाग देवु
अंदर *परं०* माए
अंधकार *पुं०* अंदारू
अंधेरा *वि०* अंदारू
अंबर *पुं०* अंगास
अकड़ना *अक०* अकड़वु
अकारथ *वि०* फालतू
अकाल *पुं०* काळ
अकेला *वि०* एकळो
अक्सर *क्रि०वि०* दनरोज
अखण्ड *वि०* जि टुटी नी सकै
अखबार *पुं०* अकबार
अगुवाई *स्त्री०* हामेञ्जु, हमायु
अगुवाई करना *सक०* हामेञ्जु करवु
अग्रणी *वि०* अगाड़ी
अचंभा *पुं०* ताजुब
अचकन *स्त्री०* कोट
अचानक *क्रि०वि०* असाउनु, अण जाणते
अचार *पुं०* अताणु
अच्छा *वि०* असल, वालो
अछूती *स्त्री०* अबडसेट
अजगर *पुं०* अजगेर
अजायबघर *पुं०* अजाएबघेर
अजीब *वि०* विसितर, अजीब
अटना *अक०* वदार भराई देवु
अठारह *वि०* अडारा

अटूट *क्रि०वि०* ने टुटवावाळो
अड़ियल *क्रि०वि०* अकड़वां वाळु, अड़
अढ़ाई *क्रि०वि०* अड़ी
अणु *क्रि०वि०* नानी कण
अण्डा *पुं०* ऐंडु
अतिथि *पुं०* पामणु
अतिरिक्त *परं०* वदु, वदार
अत्याचारी *पुं०* अत्यारो
अदरक *पुं०* आदु
अदृश्य *वि०* अलुप
अधिक *वि०* वदारे , वुद
अधिकार *पुं०* कब्ज़ो, अक
अधिकारी *पुं०* ओपिसर
अधिनता *स्त्री०* गुलामी
अधिवेशन *पुं०* बैटक
अधोमृदा *स्त्री०* जगा ने नीसे नो भाग
अध्ययन *पुं०* भणाई
अध्यात्म *पुं०* आत्मा ने बारा माए जाणवा वाळो
अध्यापक *पुं०* माटसाब, मास्तर
अनगिनत *वि०* वगर गणतीना
अनदेखा *वि०* वगरडिटो
अनोखा *वि०* हैतें हूँ असल
अनाथा *पुं०* ने माजु, नमायु
अनार *पुं०* दाड़म
अनावश्यक *वि०* वगरकामनें
अनिवार्य *वि०* जरूरी
अनुकूल *वि०* असल लागवा वाळु
अनुचित *वि०* खोटु, गलत
अनुभव *पुं०* जाणकारी
अनुमान *पुं०* अन्दास
अनुयायी *वि०* मानवावाळु
अनुसंधान *पुं०* खोज
अनेक *वि०* कईक
अन्तर्देशीय *पुं०* अन्तरदिसि
अन्धा *वि०* आँदो
अन्न *पुं०* अनास ,धान
अन्य *वि०* बिजु
अन्यत्र *पुं०* बीजी जगा
अपच *वि०* वगर पसीलु , अजीरण

अपने *सर्व०* आपड़े

अपमान *पुं०* बेइजत

अपरदन *पुं०* जगा नो कटाव

अपराध *पुं०* गुनो

अपरिचित *वि०* वगर ओळखीतु

अपव्यय *पुं०* वदार खरस करवु

अपार *वि०* कईक

अब *क्रि०वि०* एवाँ

अबोध *पुं०* अणहमज़

अब्बा *पुं०* बापो

अभयारण्य *पुं०* जानवरँ मिलवा नु वगडु

अभ्यास *पुं०* कोसिस

अभाव *पुं०* कमी

अभावरोग *पुं०* कमजोरी रोग

अभिवादन *पुं०* राम राम, जे रामजी, जेगुरू, जे सीताराम

अभिशाप *पुं०* हराप

अभी *क्रि०वि०* अबार

अभी-अभी *क्रि०वि०* अबार-अबार

अमराई *स्त्री०* आंबा वाड़ी

अमरूद *पुं०* जामफोळ

अमावस्या *स्त्री०* अमाह

अमिट *वि०* ने मटवा वाळु

अमीर *वि०* पैसं वाळु, धनवान

अमेरिका *स्त्री०* अमरिका

अम्बर *पुं०* अंगास

अम्बार *पुं०* ढगलो

अम्मा *स्त्री०* आइ

अरंडी *स्त्री०* अरिडी

अरवी *स्त्री* पेंडाळु

अरहर *स्त्री* तुऐर

अर्ध *वि०* अरदु

अलख *पुं०* अलक

अलग *क्रि०वि०* अळगु, न्यारू

अलगोजा *पुं०* पावो

अलावा *पर०* बीज़ँ

अवधि *स्त्री* दाड़ा

अवशेषण *पुं०* खिंसवु , ताणवु

अवश्य *क्रि०वि०* जरूर

अवसर *पुं०* मोको

अवस्था *स्त्री०* उमर

अशिक्षित *वि०* वगर भणेलो

अशुभ *वि०* खोटु, हकन ने थावु

अष्टमी *स्त्री* आटेम

असंभव *वि०* मुसकल

असंख्य *वि०* कईक, वगर गणति नैं

असि *स्त्री०* तरवार

अस्तित्व *पुं०* मोजुदगी

असाध्य *पुं०* जेने कई इलाज ने थाऐ

अहिन्सा *स्त्री०* कणाए नी मारवु

आ

आँख *स्त्री०* आँक

आँगन *पुं०* आंगणु

आंतरिक *वि०* मंय

आँधी *स्त्री०* धूळा वालो वायरो, धूरा वारो वायरो, कोरेण

आक *पुं०* आकड़जो

आकस्मिक *वि०* असाउनु

आकांक्षा *स्त्री०* आसा

आकार *पुं०* रूप

आखिरकार *क्रि०वि०* आखर

आखिरी *वि०* आकरी

आग *स्त्री०* आग,वादी,देवता

आगे *परं०* मोरे

आगे बढ़ाना *सक०* मोरे बडावणु

आग्रह *पुं०* जुर दई नै केवु, मनुएर

आज *क्रि०वि०* आज़े

आजकल *क्रि०वि०* आजकाल

आजन्म *पुं०* हेतँ जनम

आजाद *पुं०* आज़ाद

आजादी *स्त्री* आज़ादी

आठ *पुं०* आट

आठवी *स्त्री०* आटवी

आते-आते *क्रि०वि०* आवते-आवते

आदर-भाव *पुं०* इज़्ज़त

आदान-प्रदान *पुं०* लेण-देण

आदेश *पुं०* आडेर

आधा *क्रि०वि०* अरदु

आधार *पुं०* आदार

आधुनिक *वि०* नवु

आनंद *पुं०* मज़ो

आना *अक०* आवणु

आना-जाना *अक०* आव्वु - जाव्वु आवणु-जावणु

आप *सर्व०* तमे

आपका *सर्व०* तमार

आपत्ति *स्त्री०* मुसिबत, आपत

आपस में *क्रि०वि०* अळी मळी नै

आबादी *स्त्री* वस्ती

आभास *पुं०* एवु लागे, मेसुस थावु

आभूषण *पुं०* गण्ण रकम

आम *पुं०* केरी

आमदनी *स्त्री०* आवक

आम्र-बौछार *स्त्री०* मोटा-साँटा

आय *स्त्री०* कमणी, कमाएँ

आयु *पुं०* उमर

आरम्भ *पुं०* सरू

आरा मशीन *स्त्री०* आरा मसीन

आरास *पुं०* आरस

आर्थिक *वि०* रूपया,- पैसा

आलस *पुं०* आळस्य, सुस्ती

आलोचना *स्त्री०* बुराई

आलू *पुं०* बटाकु

आलोक *पुं०* अजुआळो

आवभगत *स्त्री०* खातरी

आवश्यक *वि०* जरूरी

आवश्यकता *स्त्री०* ज़रूत

आवाज *स्त्री०* अवाज़

आविष्कार *पुं०* नवीं खोज

आशंका *स्त्री* संका, वेम

आशंकित *वि०* संकालु

आशीर्वाद *पुं०* सबासी

आश्चर्य *पुं०* ताजुब

आश्विन *पुं०* आहो

आश्रम *पुं०* आसरम, जगा जेआँ साधु रें

आश्रय *पुं०* सहारो

आषाढ़ *पुं०* अहाड़

आसन *पुं०* जगा

आसपास *परं०* आहे-पाहे

आसमान *पुं०* अंगास

आसान *वि०* हिदु

आसानी *स्त्री०* आरम

आस्था *स्त्री०* विसवास

आहार *पुं०* खावानु

इ

इंजेक्शन *पुं०* अंगिसन, ठीको

इकट्ठा *वि०* इटको, भेळो, एटको

इठलाना *अक०* मकलावु

इत्र *पुं०* अन्तर

इन्द्र-धनुष *पुं०* मेह बाबा नी धुणी

इन्धन *पुं०* बाळवा नु सामन, बळाउ, बळेदु

इमली *स्त्री०* आमली

इलाका *पुं०* आय-पाय-नी जगा

इशारा *पुं०* इसारो

इश्तिहार *पुं०* पोस्टल

इस *सर्व०* अणा

इसको *सर्व०* अणा नै

इसने *सर्व०* अणा ए, अणे

इसलिये *क्रि०वि०* अटले

ई

ईंट *स्त्री०* ईंट, इटाडु

ईख *पुं०* हाँटा

ईनाम *पुं०* एलम

ईमान *पुं०* एमान

ईमानदार *वि०* एमानदार

ईर्ष्या *स्त्री०* खार, कल्पाई

ईश्वर *पुं०* भगवान

उ

उखाड़ना *सक०* उपाड़वु

उगना *अक०* उगवु

उगाना *सक०* उगाड़वु

उचित *वि०* बरोबर

उछलना *अक०* उसळवु, डाकवु

उछल-कूद *स्त्री०* डाकवु-कुदवु

उजड़ा *वि०* खातम थाईलो, उजोड

उजहड *वि०* अजड़

उजियारा *वि०* अजुआळो

उठना-बैठना *अक०* उटवु-बैहवु

उड़द *पुं०* अड़द

उड़ना *अक०* उड़वु

उड़ाना *सक०* ओडाड़वु

उतरना *अक०* उतरवु

उतारना *सक०* उतारवु

उतावला *वि०* उतावळु

उत्तम *वि०* असल

उत्तर दिशा *पुं०* धराऊ

उत्तीर्ण *वि०* पास

उत्तेजक *वि०* जोस आलवा वाळु

उत्पादन *पुं०* पैदावार

उत्सव *पुं०* ऊहो, तेवार

उत्साह *पुं०* जोस

उदयपुर *पुं०* उदेपुर

उदास *वि०* नराज

उद्यान *पुं०* वगीसो

उधार *स्त्री०* उदार

उन्मूलन करना *सक०* अड़यकि उठाड़वु

उन्हें *सर्व०* वणें

उपकरण *पुं०* मसीन

उपजाऊ *वि०* असल पाकवा वाळी (जगा)

उपदेश *पुं०* उपदेस

उपयुक्त *वि०* ठीक

उपयोगी *वि०* कामनु

उपला *पुं०* साणो

उपवन *पुं०* वगीसो

उपहार *पुं०* भेंट

उपाय *पुं०* तरकीब,साल, उपा

उपासक *पुं०* भगत

उमड़ना *अक०* हउँ आड़वु, उमलवु

उमड़-घुमड़ कर *क्रि०वि०* गाज़ी-गाज़ीनै

उम्मीद *स्त्री०* उमिद

उम्र *स्त्री०* उमर

उर्स *पुं०* उरस

उल्टा *वि०* उन्दो

उसका *सर्व०* वेनो

उसको *सर्व०* वेनै

ऊ

ऊँचा *वि०* ऊँसो

ऊँट *पुं०* ऊँदु

ऊँटगाड़ी *स्त्री०* ऊँटागाड़ी

ऊपर [illegible] माते

ऊपर-नीचे *क्रि०वि०* माते ने नीमे, ऊँसु-नीसु

ऊबड़-खाबड़ *वि०* ऊँसु-नीसु, खाड़ा-खोड़ी

ऊन *स्त्री०* उन

ऊर्जा *स्त्री०* ताप, उरजा

ऋ

ऋण *पुं०* करजो, रण

ऋतु *स्त्री०* मोसम

ए

एकदम *क्रि०वि०* इकदम

एक जैसा *वि०* इक हरको

एकसा *वि०* इक जीवो

एकान्त *वि०* हूँनु

एटलस *स्त्री०* नकसाँ नी किताब

एड़ी *स्त्री०* इड़ी, गुठी

ऐ

ऐतिहासिक *वि०* जुनी वाते

ऐनक *स्त्री०* ससमो

ऐरावत *पुं०* एरावत, करवेत,

ओ

ओखली *स्त्री०* उकळो

ओज *पुं०* जोस

ओठ *पुं०* ओटाडु, उटडु

ओढ़नी *स्त्री०* ऊण्णी

ओला *पुं०* कड़ो

ओस *स्त्री०* ठार

खेतिहर *पुं०* खीतीवाळु, खेती वाळु

खेल-कूद *पुं०* रमणु-ठिकवु

खेलना *सक०* रमवु

खोज *स्त्री०* हुज्यो

खोजना *सक०* हुजवु, हुदवु

खोदना *सक०* खणवु

खोना *सक०* खोवणु

खोपड़ी *स्त्री०* खोपड़ी, मोटकु

खोलना *पुं०* उगाड़वु

ग

गंगाजल *पुं०* गंगाजळ

गंड़ासा *पुं०* कराड़ो

गड्ढा *पुं०* खाडो

गणना *स्त्री०* गणती

गणितज्ञ *वि०* गणित नो जाणकार

गणेशजी *पुं०* गणे बापसी

गणेश-चतुर्थी *पुं०* गणे-सोत

गतिविधि *स्त्री०* साल-सलण, काम-काज, काम-धाम

गद्दी *स्त्री०* गादी

गन्दा *वि०* मेलु

गन्दगी *स्त्री०* मेल

गन्ना *पुं०* हाँटो

गमला *पुं०* गमलु

गरजना *सक०* गाजवुँ

गरदन *स्त्री०* गरदण

गरम *वि०* उनु

गरीब *पुं०* गरीब

गर्त *पुं०* खाड़ो

गर्मी *स्त्री०* उनारो

गलबाणी *स्त्री०* गोरनी राब

गला *पुं०* गळु, गोगळु

गलती *स्त्री०* गळति

गली *स्त्री०* गळी

गवारा *पुं०* मंजूर

गहरा *वि०* गेरो/उँडो

गहराई *स्त्री०* उँडु

गहने *पुं०* गणा, रकमे

गाँव *पुं०* गाम

गाड़ना *सक०* गाड़वु

गाजर *स्त्री०* गाजर

गाय *स्त्री०* ढाही

गाथा *स्त्री०* वारता, काणी

कदापि *क्रि०वि०* केरेस, कारे नी

कद्दू *पुं०* कोळो

कपड़ा *पुं०* लबरू, सेतरू

कपास *पुं०* कपास

कप्तान *पुं०* केपतान

कबूतर *पुं०* पारेवो

कब्ज़ा *पुं०* कब्जो

कब्ज़े में *पुं०* आत मयँ

कभी-कभी *क्रि०वि०* कारेक

कम *वि०* थुड्ड

कमल *पुं०* कमोळ

कमाना *सक०* कमावु

कमाल *पुं०* कमाळ

करधनी *स्त्री०* कदोरो

करछुली *स्त्री०* कड़सी

करमहीन *वि०* वगर किस्मत नु

करिश्मा *पुं०* कमाल

करी *पुं०* आती

करेला *पुं०* कारेलु

कर्तव्य *पुं०* फरज

कर्म *पुं०* काम

कर्मचारी *पुं०* करमसारी, एलकार

कलंक *पुं०* साप

कल *क्रि०वि०* काले

कलई *पुं०* मोर

कलम *स्त्री०* पेण

कलह *पुं०* जगड़ो

कला *स्त्री०* कळा

कलाई *स्त्री०* आत

कलाकार *पुं०* कारीगर, कळाकार, मंडारो

कलापूर्ण *वि०* कळाकारी करेलु

कलेक्टर *पुं०* कलेटर

कलेवा *पुं०* हिरावणु

कल्याण *पुं०* भलाए

कल्याणकारी *स्त्री०* भलाए नु, भलो करवा वाळु

कस्बा *पुं०* मोटु गाम

कहना *सक०* केवु

कांच *पुं०* कास

कांटा *पुं०* तराजु नी उपर नी डंडी मँय वेसु वाळो काटो

कांति *स्त्री०* समक

कांपना *अक०* कापणु

काग *पुं०* कागलो

कागज *पुं०* कागद

काटना *क्रि०* कापणु, कापवु

काठ *पुं०* लकड़ु , लाकड़ु

कातना *सक०* कातवु

कातिल *पुं०* अत्यारो

कानून *पुं०* कानून

काफी *वि०* खूब, वदार

काबू *पुं०* काबु

काम *पुं०* काम

काम-धन्धा *पुं०* काम-काज, काम-धन्दो

कामना *स्त्री०* मरज़ी

कार *स्त्री०* कार

कारखाना *पुं०* कारखानो

कारण *पुं०* कारन

कारोबार *पुं०* धन्दो

कार्तिक *पुं०* काति

कार्बन-डाई आक्साइड *पुं०* एक तरा नी गेस

कार्य *पुं०* काम

कार्यवाही *स्त्री०* कारवाए

कार्यालय *पुं०* ओपिस,दपतर

काला *वि०* काळो

काली मिर्च *स्त्री०* काळी मरस

काल्पनिक *वि०* मनगढेलु

कितना *वि०* कतरो

किताब *स्त्री०* सोपड़ी

किनारा *पुं०* कनारो, खाटो

किरण *स्त्री०* कण्णी

किराया *पुं०* किराजु, भाड़ु

किलोग्राम *पुं०* किलो

किवाड़ *पुं०* कमाड़

किशोर *पुं०* जोवन

किसने *सर्व०* कणे

किस्म *स्त्री०* किसम

की *परा०* नी

कीकर *पुं०* वलाती आमली

कीच *पुं०* गादो, कादो

कीटाणु *पुं०* किटाणु, कोपरो

कीड़ा *पुं०* कीड़ो

कील *स्त्री०* खीली

कुंकुम *पुं०* कंकु

कुंजी *स्त्री०* कुंसी, साबी

कुटिया *स्त्री०* मडि

कुटुम्ब *पुं०* कुटुम

कुटुम्बी *पुं०* भाईबंद, भाई भागजा, भाईयोड़, गुतरी

कुत्ता *पुं०* कुतरो

कुदाली *स्त्री०* कोदाळी

कुपित *वि०* रिहावु

कुम्हार *पुं०* कुँबार

कुरीति *स्त्री०* खराब रेवाज़

कुरेदना *सक०* खणवु

कुर्ता *पुं०* कुरतो, खमीरु

कुर्बानी *स्त्री०* बलि आलवु, असल काम हारु मरवु

कुश्ती *स्त्री०* कुस्ती

कुर्सी *स्त्री०* कुरसी

कूदना *पुं०* डाकवु

कृतज्ञता *स्त्री०* आभार

कृत्रिम *वि०* बणावटी

कृमि *पुं०* सोटँ जीव

कृषक *पुं०* किसान, खेडूत

कृषि *स्त्री०* खेती

केंचुआ *पुं०* अळयु

के *परं०* ने

केन्द्र *पुं०* विसुविस

केबिन *पुं०* गल्लो, ठेकणु

केला *पुं०* केळु

केवल *वि०* सिरप

कैंची *स्त्री०* कातेर

कैद *स्त्री०* जेळ

कैसा *वि०* केवु

को *परं०* नै

कोई *सर्व०* कोणेक, कणुक

कोकिल *स्त्री०* कोएल

कोट *पुं०* कोट

कोटर *पुं०* खोखलु

कोठरी *स्त्री०* ओहरि

कोठी *स्त्री०* बगळो

कोना *पुं०* खुणयो

कोमल *वि०* कुळु, कोळु
कोयल *स्त्री०* कोएल
कोयला *पुं०* हाँतरो
कोरा *वि०* कोरो
कोलाहल *पुं०* धूम, बोलारो
कोशिश *स्त्री०* कोसिस
कौआ *पुं०* कागड़ो, कागलो
कौड़ी *स्त्री०* कौड़ी
कौतूहल *क्रि०वि०* असाउनु
कौन *सर्व०* कुंण
कौर *स्त्री०* टुकड़ो, बटकु
क्या *सर्व०* हूँ
क्यारी *स्त्री०* क्याड़ी
क्यों *क्रि०वि०* केम, हएँ
क्योंकि *संयो०* केम के
क्रियाक्रम *पुं०* काट्टु
क्रियात्मक *वि०* करवानु
क्रीड़ा *स्त्री०* रमत
क्रीम *पुं०* किरम, करीम
क्रूरता *स्त्री०* जुलम
क्रोध *सं०* गुस्सो
क्षणिक *स्त्री०* सणिक
क्षतिग्रस्त *वि०* टूटु-फूटु
क्षमा *स्त्री०* माफी
क्षेत्र *पुं०* भाग
क्षेत्रफल *पुं०* लांबो ने सोड़ो, एरिया नो माप

ख

खचा-खच *क्रि०वि०* ठसाठस
खज़ाना *पुं०* खज़ानु
खड़ा होना *अक०* ऊबु थावु
खण्डहर *पुं०* टुटँ फूटँ घोरँ, उज़ोड़
खत *पुं०* कागद,
खतरा *पुं०* खतरो
खत्म *वि०* मटी गियु
खनिज *स्त्री०* जमी माएं खाणी नै काडलां नी सीज
खरगोश *पुं०* हाहो, खरगु
खरीदना *सक०* खरीदवु,लीवु
खरीफ *स्त्री०* समाहुँ-खेती
खर्च *पुं०* खरसो
खर्चा *पुं०* खरसो

खरबूजा *पुं०* खड़बुजु

खर्राटा *पुं०* घोर

खलिहान *पुं०* खळु

खलीता *पुं०* पुराणा जमाना नो लिपापो

खसम *पुं०* धणी, आदमी,घेर वाळो

खाट *पुं०* खाटळो

खाड़ी *स्त्री०* खाड़ी

खाड़े की धार *स्त्री०* कईक काटु काम

खाती *पुं०* हुतार

खाद *स्त्री०* खातर

खाद्यान्न *पुं०* खावानु

खान *स्त्री०* खाण

खान-पान *अक०* खावा-पीवा नु

खाना खावानु

खाना-पीना *सक०* खावु-पीवु

खारा *वि०* खारू

खाल *स्त्री०* खालड़ु, सामड़ो

खाली *वि०* सुटीलु, कईस नीं

खिड़की *स्त्री०* बारी

खिलना *अक०* उगड़वु

खिलाना *क्रि०* खवाड़वु

खिलाफ *वि०* खिलाप,वढ़तु

खिलौना *पुं०* रमतचु,रमकडु

खींचना *पुं०* ताणवु, खिंसवु

खीझना *अक०* रिहावु

खीर *स्त्री०* खीर

खीरा *पुं०* सिकण

खुजली *स्त्री०* घवड़

खुरपा *पुं०* खपड़ो

खुलना *अक०* सुटवु, टुटवु, खुलवु, उगड़वु

खुश *वि०* राजी

खुशहाल *वि०* हरू-भरू

खुशहाली *स्त्री०* ठाट, खुसी ना दाड़ा, लीला लैर

खूँखार *वि०* खतराळु

खूब *वि०* कईक, वदारे,वदार, जादा

खोजड़ी *स्त्री०* खोड़ो

खेत *पुं०* खेतर

खेतिहर *पुं०* खीतीवाळु, खेती वाळु

खेल-कूद *पुं०* रमणु-ठिकवु

खेलना *सक०* रमवु

खोज *स्त्री०* हुज्यो

खोजना *सक०* हुजवु, हुदवु

खोदना *सक०* खणवु

खोना *सक०* खोवणु

खोपड़ी *स्त्री०* खोपड़ी, मोटकु

खोलना *पुं०* उगाड़वु

ग

गंगाजल *पुं०* गंगाजळ

गंड़ासा *पुं०* कराड़ो

गड्ढा *पुं०* खाडो

गणना *स्त्री०* गणती

गणितज्ञ *वि०* गणित नो जाणकार

गणेशजी *पुं०* गणे बापसी

गणेश-चतुर्थी *पुं०* गणे-सोत

गतिविधि *स्त्री०* साल-सलण, काम-काज, काम-धाम

गद्दी *स्त्री०* गादी

गन्दा *वि०* मेलु

गन्दगी *स्त्री०* मेल

गन्ना *पुं०* हाँटो

गमला *पुं०* गमलु

गरजना *सक०* गाजवुँ

गरदन *स्त्री०* गरदण

गरम *वि०* उनु

गरीब *पुं०* गरीब

गर्त *पुं०* खाड़ो

गर्मी *स्त्री०* उनारो

गलबाणी *स्त्री०* गोरनी राब

गला *पुं०* गळु, गोगळु

गलती *स्त्री०* गळति

गली *स्त्री०* गळी

गवारा *पुं०* मंजूर

गहरा *वि०* गेरो/उँडो

गहराई *स्त्री०* उँडु

गहने *पुं०* गणा, रकमे

गाँव *पुं०* गाम

गाड़ना *सक०* गाड़वु

गाजर *स्त्री०* गाजर

गाय *स्त्री०* ढाही

गाथा *स्त्री०* वारता, काणी

गाना *सक०* गावु

गाना *पुं०* गीत

गाल *पुं०* गाळ्ळा, गाल्या

गिद्ध *पुं०* गरद

गिनना *सक०* गणवु

गिरना *अक०* पड़वु

गिरगिट *पुं०* करगिटो, काकेड़ो

गिरफ्तार *वि०* गिरपतार

गिरवी *स्त्री०* गण्णे

गिलहरी *स्त्री०* खली, टाली

गिळास *नपुं०* गिलास

गीला *वि०* पल्लेंडो/पलरेलो

गुँजाईश *स्त्री०* हजमण

गुड़ *पुं०* गोळ

गुजरना *सक०* जावु

गुजारा *वि०* गुज़ारो

गुनगुनाना *सक०* टपणवु, गगड़वु

गुनहगार *पुं०* गुनेगार

गुप्त *वि०* सानु

गुप्तचर *पुं०* सीआड़ी

गुफा *स्त्री०* बलरो,भाम

गुब्बारा *पुं०* पोपटो

गुमनाम *वि०* जेने नाम नो पत्तो नें वे

गुरू *पुं०* गरू

गुरूकुल *पुं०* गरू नो आसरम

गुर्राना *अक०* अकड़ी नै बुलवु

गुलाबी *वि०* गुलाबी

गूँजना *अक०* गूँजवु

गृह *पुं०* घेर, घोर

गृह-स्वामी *पुं०* घेर नो मालिक

गृहणी *स्त्री०* घेर सलावणा वाळी बइरी

गृहस्थी *स्त्री०* घेर-बार

गेहूँ *पुं०* गऊँ

गेहूँ की बाली *स्त्री०* गऊँ ने कटी/उबी

गैस *स्त्री०* गेस

गोंद *पुं०* गोंद

गोड़ना *सक०* गुडवु

गोद *स्त्री०* खोळो

गोदाम *पुं०* गोदाम

गोपन *स्त्री०* गोपण

गोबर *पुं०* खातर,पोएटों,साण

गोबर-गैस *पुं०* गोबर गैस

गोभी *स्त्री०* गुबी

गोरा *वि०* भूरो

गोरा-चिट्टा *वि०* भूरो-भट
गोल *वि०* गुल, गोरू
गोला *पुं०* गोळो
गोली *स्त्री०* गोळी
गौ *स्त्री०* गाय, ढाही
ग्यारह *वि०* इग्यारा
ग्वार *वि०* गौआर
ग्रह *पुं०* गर
ग्राम *पुं०* गाम
ग्राम-पंचायत *स्त्री०* गाम-पंसात
ग्राहक *पुं०* गराक

घ

घंटी *स्त्री०* गण्टी
घटना *अक०* वितव, घटवु
घड़ा *पुं०* गोळो
घड़ी *स्त्री०* गड़ी
घण *पुं०* झूमरो
घबराना *अक०* घबरावु
घमण्ड *पुं०* एकड़ी, आत
घमासान *क्रि०वि०* जुरदार
घर *पुं०* घेर
घर-आँगन *पुं०* घेर ने आँगणु
घरेलू *वि०* घेरनु
घसीटना *सक०* गाँहड़वु
घाघरा *पुं०* गागरो
घाट *पुं०* तेड़, काँठो
घाटा *पुं०* घाटो,टोटो
घाणी *स्त्री०* घाणी
घात *स्त्री०* निसानो
घात लगाना *सक०* निसानो लगाड़वु
घाम *पुं०* ताप
घायल *वि०* गाएल
घास *स्त्री०* सार
घासलेट *पुं०* घासतेल
घी *पुं०* घी
घुँघरू *पुं०* गुगरो
घुटन *स्त्री०* दग घोटावु
घुटना *पुं०* गुडो
घुटनों तक *पुं०* घुड़ा उदी
घुड़की *स्त्री०* धमकी
घुड़सवारी *स्त्री०* घुड़ा नी सवारी

घुमक्कड़ *वि०* फ़रवा वाळु, फ़रेलु

घुसना *अक०* पेंहवु

घूमना *अक०* फरवु, घुमवु

घेर पुं० घेरो

घेरा *पुं०* गूमेर

घोंसला *पुं०* गुहळो, गोको, गोळो

घोड़ा *पुं०* घोड़ो

घोड़ागाड़ी *स्त्री०* गोड़ागाड़ी

घोलना *सक०* गोळवु

घोषणा *स्त्री०* एलान

च

चंचल *वि०* उतावळु,संसल

चंगुल *वि०* संगुल

चंबल *पुं०* संबल

चक्कर *पुं०* सक्कर

चक्की *स्त्री०* सक्की

चक्रवात *पुं०* सक्रवात,भूतेड़ो

चक्रव्यूह *पुं०* गेरो

चखना *अक०* साकवु

चखाना *सक०* सकाड़वु

चट्टान *स्त्री०* मोटो भाटो, सट्टान

चटाई *स्त्री०* पतारी

चड़स *पुं०* कूह, कौ

चतुर *वि०* सालाक

चतुराई *स्त्री०* सालाकी

चन्दलोई *स्त्री०* तान्दळजो

चना *पुं०* सणो

चप्पल *स्त्री०* सप्पल

चबाना *सक०* सावणु ,सावबु

चबूतरा *पुं०* सबूतरो, सौरो

चमक *स्त्री०* समक

चमकाना *सक०* समकानवु

चम-चमाता *वि०* समकानतो

चम-चमाना *अक०* समकवुँ

चमड़ा *पुं०* सामड़ु, खालड़ु

चमकीला *वि०* समकिलु

चरागाह *पुं०* सोपं ने सरवा नी जगा

चरित्रवान *वि०* असल लखण नु, लखण वाळु

चर्चा *स्त्री०* सरसा, वाते

चलना *अक०* हिण्डवु, सालवु

चवला *पुं०* सोळो

चश्मा *पुं०* ससमो

चहल-पहल *पुं०* सैल-पैल, हेल - पैल

चहुमुखी *वि०* स्यारी ओड़े

चाँक *पुं०* सोक, साकड़ो

चाँद *पुं०* सांदो

चाँदनी *स्त्री०* सदणी

चाँदी *स्त्री०* रुपू

चाक *पुं०* साकड़ो

चाकू *पुं०* सकू

चाचा *पुं०* काको

चाची *स्त्री०* काकी

चातुर्मास *पुं०* स्यार मइना

चादर *पुं०* सादरो

चाम *पुं०* सामड़ु

चाय *स्त्री०* सा

चार *वि०* स्यार

चारपाई *स्त्री०* खाटळु

चालू *वि०* सालू

चाव *पुं०* मज़ो

चावल *पुं०* साल,सोका

चाहना *सक०* ज़ुवु

चाहिये *सक०* .जुजे

चिकना *वि०* सिकणो

चिकित्सा *स्त्री०* दवा,इलाज

चिट्ठी *स्त्री०* सीठी, कागद

चिड़िया *स्त्री०* सकली

चिड़िया-घर *पुं०* जनावरं नु घेर

चिढ़ना *अक०* सिड़वु

चित्र *पुं०* सित्र

चित्रकला *स्त्री०* सित्र बणावणु

चिनगारी *स्त्री०* तंगळीयो

चिन्तन *पुं०* विसार

चिन्ता *स्त्री०* फिकर,सन्ता

चिमटा *पुं०* सिपुओ

चिमनी *स्त्री०* समनु,समनी

चिल्लाना *अक०* डाड़ी करवु, बो करवु, गाँगड़वु

चिह्न *पुं०* निसाण

चींटी *स्त्री०* कीड़ी

चीज *पुं०* सीज़

चीता *पुं०* सितरो

चीरना *सक०* सिरवु

चील *स्त्री०* हामळी

चुकाना *सक०* सुकावणु

चुनरी *स्त्री०* सुनड़ी

चुनाव *पुं०* सुनाव

चुपचाप *क्रि०वि०* सानु-सानु

चुप रहना *अक०* सानु रेवु

चुपड़ना *सक०* सुपड़वु

चुम्बक *स्त्री०* सुम्बक

चुलबुली *वि०* वतुआळी

चुहिया *स्त्री०* उँदरी

चूड़ा *पुं०* सूड़ो

चूना *पुं०* सोनो

चूल्हा *पुं०* सुलो

चूसना *सक०* सुवु

चूहा *पुं०* उँदरो

चूहेदानी *स्त्री०* उँदरा नु पांजरु

चेत *पुं०* हु स, हों स

चेष्टा *स्त्री०* कोसिस

चेहरा *पुं०* सकल

चैत्र *पुं०* सइतर

चोंच *स्त्री०* सोंस

चोटी *स्त्री०* डूँगरा नी ऊपर नो नुकीलो भाग,सोटी

चोरी *स्त्री०* सुरी

चौंकी *स्त्री०* सोकी

चौड़ा *वि०* सोड्डु, पोलु

चौपट *वि०* खतम

चौपड़ *स्त्री०* सोपड़

चौबीस *वि०* सोवीस

चौराहा *पुं०* स्यार वाटे

छ

छके-छुटना *अक०* पसाड़ी पड़ी जावु

छज्जा पुं० नेवा

छटपटाना *अक०* सपड़वु, तड़पवु

छड़ी *स्त्री०* लाकड़ी

छत *स्त्री०* सांदणी

छप्पर *पुं०* खोळु, टुडु, ढोडु

छब्बीस *वि०* सब्बीस

छम-छम *स्त्री०* सम-सम

छलांग *स्त्री०* डाकवु

छाँव *स्त्री०* साइलो

छाँह *स्त्री०* साइलो

छाछ *स्त्री०* खाटी सा

छा जाना *सक०* गेराई जावु

छात्रवृत्ति *स्त्री०* वजीफो

छात्रावास *पुं०* होस्टल

छाता *पुं०* सतरी

छानना *सक०* गळवु, साणवु

छाना *अक०* गोरावु

छापना *पुं०* सापवु

छाया *स्त्री०* साइलो

छाल *स्त्री०* सोल

छिड़कना *सक०* साँटवु

छितरी *वि०* संटाईली

छितरी-छितरी *क्रि०वि०* सीटी-सीटी, वकेराईली

छिपकली *स्त्री०* घरोळु, बुड़यु

छिपाना *सक०* हपाड़वु, हातवु

छिलका *पुं०* सोंपटु, फूतरू

छीलना *सक०* सुलवु

छुटकारा *पुं०* सुट्टी

छुईमुई *स्त्री०* लाजवन्ती, लाज नी लाड़ी

छूआछूत *स्त्री०* अबड़सेंट

छूना *सक०* अड़वु

छेद *पुं०* पोलु, काणु

छोटा *वि०* नानो

छोटे-बड़े *वि०* नानँ-मुटँ

ज

जंगल *पुं०* वगडु
जंगली *वि०* जंगळी, वगड़ाऊ
जंजाल *पुं०* जं"जट
जँचना *अक०* ज़सवु
जगह *स्त्री०* ठोड़, जगा
जगना *अक०* जागवु
जड़ना *पुं०* जड़वु
जड़ी-बूटी *स्त्री०* जड़ी-बुटी
जनतंत्र *पुं०* जनता नु सासन
जन-जीवन *पुं०* मनकँ अवतार
जनन *पुं०* जीवँ ने पैदा करवा नी किरिया
जनसंख्या *स्त्री०* मनकँ नी गणती
जनसमूह *पुं०* मनकँ नो मेळो
जन्तु *पुं०* जनावर
जन्म *पुं०* ज़लम, जनम
जन्मदाता *पुं०* ज़लम आलवा वाळो
जन्म-भूमि *स्त्री०* जलम धरती
जन्माष्टमी *स्त्री०* गुकळ-आटेम
जन्नत *पुं०* हरग
जबरदस्त *क्रि०वि०* ज़ुरदार
जब्त *वि०* हड़पी लिदु
जमा *पुं०* एरकु, ज़मा
जमाकर्त्ता *पुं०* जमा करावणो वाळो
जमींदार *पुं०* जमींदार
जमीन *स्त्री०* जमीं
जय *स्त्री०* ज़ै,जीत
जयपुर *पुं०* जेपुर
जरूरत *स्त्री०* ज़रूत
जल *पुं०* पाणी
जल-प्रदूषण *पुं०* खराब पाणी
जलमार्ग *पुं०* पाणी वाळो मारग
जलाना *सक०* बाळवु
जलाशय *पुं०* तळाव
जलेबी *स्त्री०* जळेबी
जल्दी *क्रि०वि०* वेलो, जट
जल्दी-जल्दी *क्रि०वि०* जट-जट
जल्सा *पुं०* जळसो
जवान *वि०* जोवन, मुट्यारु
जवाब *पुं०* ज़वाब

जस्त *पुं०* जस्तो

जहर *पुं०* जेर

जहाँ -तहाँ *क्रि०वि०* जेआँने तेआँ

जहाँपनाह *पुं०* मोटो राजो

जहाज़ *पुं०* ज़ाज

जागरूक *वि०* जगरूक

जागीर *स्त्री०* जमीं

जागृत *वि०* जागरूक, जागीलु

जाति स्त्री० जात

जान स्त्री० जीवड़ो

जानकारी *स्त्री०* पतो, खाबर, जाणकारी

जानवर *पुं०* जनावर, जनावरू

जानते-बूझते *क्रि०वि०* जाणताँ थके

जानना *सक०* जाणवु

जाना *अक०* जावु

जामुन *पुं०* जाम्बु

जायदाद *स्त्री०* ज़ादाद, पूज़ी, धनदोलत

जायरीन *स्त्री०* जातरी, जाळी

जारशाही *स्त्री०* राजानु सासन

जाल *पुं०* ज़ाळ

जाला *पुं०* ज़ाळु

जाली *स्त्री०* नकली

जितना *वि०* ज़तरू

जिन्दगी *स्त्री०* जीवन जीवड़ो

जिम्मेदार *वि०* जवाबदार

जिला *पुं०* जिलो

जिलाधीश *पुं०* कलेक्टर

जीजी *स्त्री०* बेन

जीतना *सक०* जीतवु

जी तोड़ *क्रि०वि०* मन लगावी नै (काम करवु)

जीना *अक०* जीवणु

जीरा *पुं०* जिरूँ

जीवन *पुं०* ज़िन्गी, ज़मारो

जुगाड़ *पुं०* वेवस्ता

जुटाना *सक०* भीगी करवु, एकटु करवु, भेलु करवु, वगळु करवु

जुड़वाना *सक०* जुड़ावणु

जुताई *स्त्री०* खिड़ी

जुम्मा *पुं०* हकरवार
जुलाहा *पुं०* वणकोर
जुलूस *पुं०* जळुस
जूठा *वि०* एटाळु
जूता *पुं०* खायडु
जोकर *पुं०* मज़ाकी
जोखिम *स्त्री०* खतरो, मुसिपत, जोकम
जोगी *पुं०* जुगी
जोड़ना *सक०* जोड़वु
जोर -जोर से *क्रि० वि०* ज़ोरे-ज़ोरे
जोश *पुं०* जुस
जौ *पुं०* जोव
जौहरी *पुं०* हुनी, गुटी
ज्ञाता *वि०* जाणकार
ज्यादा *वि०* घणु
ज्वर *पुं०* ताव, बुकार
ज्वार *स्त्री०* जुआर, मकी

झ

झंझट *पुं०* जंजट
झकझोर *क्रि०वि०* हलावी नै
झगड़ना *अक०* वळगावु
झगड़ा पुं० जगड़ो
झझरी *स्त्री०* झारी
झटका *पुं०* जटको
झट-पट *क्रि०वि०* हटहट, जटा-जट
झण्डा *पुं०* जण्डो
झण्डी *स्त्री०* जण्डी
झपटना *सक०* जपटवु
झरना *पुं०* धरूड़ो, वेलो
झारा *पुं०* जारो
झल्लाना *अक०* वकरवु
झालर *स्त्री०* ज़ालेर
झुकना *अक०* नमणु
झुकाना *सक०* नमावणु
झुनझुना *पुं०* रमतचु
झुमका *पुं०* झुमकु
झूमना *सक०* लेंका करवु, वलाको करवु
झूलना *सक०* हेंसवु
झूला *पुं०* हिंसियो
झोली *स्त्री०* झोळी

ट

टकराना *सक०* टकरावु

टक्कर *स्त्री०* टक्कर

टमाटर *पुं०* टमाटो

टहलना *पुं०* फरवु

टांग *पुं०* पोग

टाट *पुं०* टाटड, तापडु

टार्च *स्त्री०* टोरस, बेटरी

टिण्डा *पुं०* टिमसी

टिमटिम *क्रि०वि०* टमटम

टीबा *पुं०* रेती ने डूँगरी

टुकड़ा *पुं०* बटकु

टूँगना *अक०* सणवु

टेप रिकार्डर *पुं०* टेप

टेर *क्रि०वि०* घड़ी-घड़ी

टेलीप्रिन्टर *पुं०* टेलेक्स हो मोकलवा वाळा हमीसार सापी ने करवा नु मसीन

टेलीफोन *पुं०* टेलिफोन

टेलेक्स *पुं०* वगर तार हूँ सिटी हमीसार मोकलवा नो तरिको

टोकना *अक०* टोकवु

टोकरा *पुं०* टुपलु

टोकरी *स्त्री०* हुणली

टोली *स्त्री०* टोळी

ट्यूब *पुं०* टूब

ट्यूबवेल *पुं०* बोरिंग,पाताल कुओ

ट्यूब लाइट *स्त्री०* टुब लाईट

ट्रंककाल *स्त्री०* ट्रंककाल

ट्रक *पुं०* टरक

ट्रैक्टर-ट्राली *स्त्री०* टेक्टर - टोली

ठ

ठंड *स्त्री०* टाड

ठंडा *वि०* टाडु

ठकुरानी *स्त्री०* ठकराणी

ठठेरा *पुं०* कहारू

ठाँच *पुं०* ठोड़

ठाकुर *पुं०* ठाकोर

ठिठुरना *अक०* काँपवु

ठिठुरना *अक०* ठगराई जादु

ठोस *वि०* काठु

ड

डंक *पुं०* डक

डट टकट *पुं०* जमी नै

डन्ठल *पुं०* डिटुओ

डन्ठल *पुं०* डिटुअे

डन्डाथोर *पुं०* पाटो

डफ *पुं०* कुंडी, सांग

डम -डम *क्रि०वि०* वजाड़वु

डमरू *पुं०* डमरू, कुंडी

डर *पुं०* बी

डराना *सक०* बिआड़वु

डसना *सक०* कोडवु

डाक *स्त्री०* डाक

डाकघर *पुं०* डाकघेर, डाकखानु

डाकिया *पुं०* टपाल्यु

डाक्टर *पुं०* दाक्तर

डायरी *स्त्री०* डाइरी

डाल *पुं०* डालु

डाली *स्त्री०* डाली

डिब्बा *पुं०* डाबो

डिब्बी *स्त्री०* डाबी

डेरा *पुं०* तबू , डेरो

डोरी *स्त्री०* दुरि

ड्रिल-बिट्स *स्त्री०* सट्टान कापवा नु मसीन

ढ

ढक्कन *पुं०* ढाकणो

ढक्कनदार *वि०* ढाकणा वाळु

ढकना *सक०* ढाकवु

ढाँकना *सक०* ढ़ाकवु

ढाँचा *पुं०* ढांसो

ढाँढस *पुं०* हलो -आलवु, विसवास, सबुरी, धीरज

ढाक *पुं०* खाकरो

ढाणी *स्त्री०* नानु गाम, फळो

ढाबा *पुं०* ओटळ

ढिठाई *स्त्री०* ठोंठ

ढीला *वि०* ढीलो

ढूँढ़ना *सक०* हुजवु

ढेकली *स्त्री०* ढेकुओ

ढेर *पुं०* ढगलो, थड़ो

ढेला *पुं०* ढेहु

ढोंग *पुं०* ढुंग, नकरो

ढोना *सक०* लई जावु

ढोने वाला *पुं०* लई जावा वाळो, अमाली

ढोर *पुं०* सोपँ, लाट

ढोलक *स्त्री०* पखाल,ढोलकी

त

तकलीफ *स्त्री०* तकलीप

तक्षण-कला *स्त्री०* पाणा घड़वा नी कळा

तजना *सक०* सोड़वु

तटस्थता *स्त्री०* कणि हाडे भी ने रेवु

तड़क-भड़क *स्त्री०* समकीलो

तत्काल *क्रि०वि०* तरत, अबारूस

तत्पर *क्रि०वि०* तेयार, त्यार

तन *पुं०* सरीर, डील

तना *पुं०* गोड़

तनिक *क्रि०वि०* ज़राक

तप *पुं०* तपसा

तपस्या *स्त्री०* तपसा

तब *क्रि०वि०* तारे

तमाशा *पुं०* तमासो

तम्बाकू *स्त्री०* तमाकू

तर *वि०* पलरेलु

तरकारी *स्त्री०* हाण्णु

तरकीब *स्त्री०* उपा, तरीको

तरफदारी *स्त्री०* आड़े

तरस *स्त्री०* दया

तरस खाना *सक०* दया करवु

तरसना *अक०* तरसवु

तराजू *स्त्री०* ताकड़ी, ताजवू

तराशना *सक०* घड़वु

तलवार *स्त्री०* तरवार

तलहटी *स्त्री०* पेंदु, तलिया माए

तशरीफ लाना *अक०* पदारवु

तश्तरी *स्त्री०* थाळी

तस्वीर *पुं०* फोटु

तहसील *स्त्री०* तेहसील

तहसीलदार *पुं०* तेहसालदार

ताँगा *पुं०* ताँगु

ताई *स्त्री०* बाबी

ताड़ जाना *अक०* बिजा ने मन ने वात जाणी जावु

तान *स्त्री०* ताण

तानें देना *सक०* ओटाँ वावु

तापमापी *पुं०* ताप मापणाँ वाळो सादण

तारकोल *पुं०* डम्बर

तारीफ *स्त्री०* बड़ाए, तारीप

तारा *पुं०* तारो

तालाब *पुं०* तळाव

ताली *स्त्री०* ताळी

तिकोना *क्रि०वि०* तण खुणवाळु

तिगुना *वि०* तण गुणु

तितली *स्त्री०* फुँदी

तिथि *स्त्री०* तेत

तिनकन *स्त्री०* टिणकँ नी

तिनका *पुं०* टिणकु, तकलु

तिरंगा *वि०* तण रंग वाळो (वारो)

तिरछी *वि०* आड़ी

तिरछा *वि०* नाँको, आडो

तिल *पुं०* तोल

तिलक *पुं०* टीलु

तीखा *स्त्री०* तिको

तीन *वि०* तण

तीर *पुं०* हरीज्यू

तीर्थ *पुं०* तीरथ

तुतलाना *अक०* तुतळावु, तुतळु, बुलवु

तुमको *सर्व०* तमे

तुम्हारा *वि०* तमारो

तुरई *स्त्री०* तुरेज़, तुरेज्य

तुलना *स्त्री०* बराबरी

तुलवाना *सक०* तोलावणु

तुला *स्त्री०* तराजु, ताजवू

तेज *वि०* खूब

तेज तर्राट *वि०* फास

तेरा *सर्व०* थारु

तैरना *क्रि०* तरवु

तो *संयो०* ते

तोड़ना *सक०* तुड़वु

तोतली *वि०* तुतळो

तोता *पुं०* हुड़ो

तोरण *पुं०* तुरण

तौलिया *पुं०* हस्तोरों, हस्ताड़ो

त्योहार *पुं०* तेवार, ऊहो

त्याग *पुं०* त्याग, सुड़व

त्यागना *सक०* सोड़वु

त्रस्त *क्रि०वि०* दुकी, परेसान

त्राहि-त्राहि *क्रि०वि०* खूब तवा थावु, आकाहुक

त्रिगुना *वि०* तण गुना, तण धणु

त्रिभुजाकार *क्रि०वि०* तण भुजा वाळु

त्रिशूल *पुं०* तरसूल/तिरसुल

त्वचा *स्त्री०* सामड्ड

थ

थंभा *पुं०* थाँबो
थकना अक० थाकी जावु
थकान *स्त्री०* थाकुवो
थड़ा *पुं०* थड़ो
थन *पुं०* आँसोळ
थपकना सक० थपकवु
थप्पड़ पु० थाप
थल *पुं०* धरती, ज़मी
था *अक०* अतु
थाना *पुं०* थाणु
थार *पुं०* जोधपुर, बीकानेर ने जैसलमेर नो भाग
थाली *स्त्री०* थाळी, भोग नी थाली
थेगली *स्त्री०* थिकड़ु
थैला *पुं०* थैलु
थोड़ा *वि०* कम, असिक, सणिक थुड़ोक, ज़राक
थोड़ा सा *वि०* ज़राक, थोडुक

द

दंड *पुं०* ज़डिबानो, सजा, जुरमानो
दक्षिण *पुं०* लंकाऊ
दखल *स्त्री०* अड़सान, दकल
दराँत *स्त्री०* दातरु
दतौन *पुं०* दातोण
दफनाना *सक०* गाड़वु
दफ़तर *पुं०* औपिस
दम घुटना *अक०* दम जोटावु
दमन *पुं०* दबावी देवू
दम लेना *अक०* हा लिवु
दरगाह *स्त्री०* दरगा
दरवाजा *पुं०* बाण्णु
दरांती स्त्री० दातरु
दर्ज *पुं०* दरज
दर्जी *पुं०* हई
दर्द *पुं०* दरद
दरिद्र *वि०* गरीब
दर्रा *पुं०* दरो
दर्शन *पुं०* दरसण
दल *पुं०* पालटी
दवात *स्त्री०* खड़जो
दवाई *स्त्री०* दवा
दवाखाना *पुं०* दवाखानु
दशमी *स्त्री०* दसेम

दशहरा *पुं०* दाहरो, दसरावो

दशा *स्त्री०* दसा, आलत

दस्तखत *पुं०* दस्कत

दही *पुं०* आँस, दय

दहेज *पुं०* दहेज, डायसु

दाढ़ी *स्त्री०* डाडी

दाता *पुं०* आलवा वाळु

दान *पुं०* दाण

दानव *पुं०* रागस, राकश

दाना *पुं०* दाणो

दामन *पुं०* सेंड़ो

दायित्व *पुं०* जिमेवारी

दायाँ *वि०* जमणु

दायीं ओर *क्रि०वि०* जमणी

दाल *स्त्री०* डाळ, दाळ

दास *पुं०* गुलाम, नौकर

दिनांक *पुं०* तारीक

दिखना *अक०* देकावु

दिखाना *सक०* पाळवु

दिखावट *पुं०* देकावट

दिन *पुं०* दाड़ो, दन

दिनचर्या *स्त्री०* रोज नु काम

दिनभर *क्रि०वि०* आको दाड़ो

दिलचस्प *पुं०* दिल माए असल लागे

दियासलाई *स्त्री०* दिवापीटी, दिवाहळी

दिवाली स्त्री० दीवाळी

दिशा *स्त्री०* दिसा, दसा

दीदी *स्त्री०* बाई, बेन

दीन *वि०* गरीब

दीपक *पुं०* दीवो

दीपावली *स्त्री०* दीवाळी

दीवार *स्त्री०* भींत

दुआ-सलाम स्त्री० राम-राम, सीता राम, जे राम जी

दुकान *पुं०* दुकन

दुकानदार *पुं०* दुकनदार, सेटजी

दुख *पुं०* दक

दुगूना *वि०* बेगुनो, बेघणो

दुग्ध *पुं०* दुद

दुनिया *स्त्री०* दुनियाँ

दुबकना *अक०* दबवु

दुबारा *क्रि०वि०* फरी नै, फैर

दुम *स्त्री०* पुसडु

दुर्ग *पुं०* किलो, गढ़

दुर्गन्ध *पुं०* खराब वायरो

दुर्घटना *स्त्री०* एक्सीडेन्ट, खराब घटना

दुल्हन *स्त्री०* लाडी

दुष्कर *वि०* काटु

दुहना *सक०* दुद काडवु

दूध *पुं०* दूद

माँ का दूध *पुं०* थान

दूब *स्त्री०* दरूकड़ी

दूभर *वि०* काटु

दूर *वि०* सींटु

दूर-दराज *क्रि०वि०* सीटी-सीटी थकि

दूरभाष केन्द्र *पुं०* टेलिफोण केंदर

दूषित *वि०* खराब

दूसरो *वि०* बिजो

दृढ़ *वि०* पक्क

दृश्य *पुं०* नजारो

दृष्टि *स्त्री०* नज़र

देखकर *क्रि०वि०* जुईनै

देखना *सक०* जुवु, देकवु

देखरेख *स्त्री०* निगरणि, हार-हबार

देना *पुं०* आल्वु

देर *स्त्री०* मोड्डू

देरसे *क्रि०वि०* लेट, वला

देवता *पुं०* बावसी

देश *पुं०* देस

देश भक्त *पुं०* देस नी सेवा करवा वाळो

देशव्यापी *वि०* पूरा देसनु

देह *स्त्री०* देई

देहरी *स्त्री०* डेळी

दो *वि०* बे

दौड़- धूप *स्त्री०* दोड़ धाम

दौड़ना *पुं०* धामणु

दौड़ कर *सक०* धामी नै

दोपहर *पुं०* बपोर, बफोर

दौलत *स्त्री०* पूंजि

ध

धकेलना *सक०* ढेलनु
धड़ *स्त्री०* धोड़
धन-दौलत *स्त्री०* रुपिया-पइसा
धन्धा *पुं०* धन्दो
धनवान *पुं०* पइसँ वाळु
धनर धानी *स्त्री०* धान नी लीली सुनड़ी
धन-संपदा *स्त्री०* रूपिया-पइसा
धनिया *पुं०* धणा
धनुष *पुं०* धुणी, कामठी
धन्यवाद *पुं०* मेरबानी
धब्बा *पुं०* डागो
धरती *स्त्री०* जमीन
धरना *सक०* मेलवुँ
धरा *स्त्री०* धरती,जमी,जगा
धरातल *पुं०* जगा ऊपर
धर्म *पुं०* धरम
धर्महाक *पुं०* हिरमू
धवल *वि०* धोळु
धागा *पुं०* दोरो
धान *पुं०* धान
धारा *पुं०* धरूड़ो
धार्मिक *वि०* धरम नु
धावड़ा *पुं०* धोवड़ो
धीरे *क्रि०वि०* आस्ते, कले
धीरे-धीरे *क्रि०वि०* आस्ते-आस्ते
धुँधलका *पुं०* बगबगु
धुआँ *पुं०* धुआँड़ो
धुड़की स्त्री० धमकी
धुन *स्त्री०* राग, लगन
धूप *स्त्री०* ताप
धूप- कपूर *पुं०* धूप-कपूर
धूपदानी *स्त्री०* धुपाण्णो
धूप धड़ाका *पुं०* तुमाल-पटटी
धूल *पुं०* धूळो, धुरो
धूल भरा *वि०* धूळा/ धूरा थकि भरेलो
धोखा *पुं०* धुको
धोखेबाज *वि०* धोके वाज
धोती *स्त्री०* धोतीं, देपाळो
धोना *सक०* धोवु
धोर *पुं०* रेति ना ढगला
ध्रुव तारा *पुं०* धरु तारो
ध्वनि *स्त्री०* आवाज
ध्वस्त *पुं०* टूटिलु - फूटिलु

न

नंगा *वि०* नागो

न *क्रि०वि०* नखे

नक्शा *पुं०* नक्सो

नगर *पुं०* सेर

नजदीक *क्रि०वि०* पाहे,आएनु,कनें

नजर *स्त्री०* नज़र

नजारा *पुं०* खेल

नट *पुं०* नटड़ो

नटखट *वि०* बदमास

नतीजा *पुं०* नतीज़ो

नथ *स्त्री०* नथड़ी

नदी *स्त्री०* नई

ननंद *स्त्री०* नणद

नव्वे *वि०* नेवु

नभ *पुं०* अंगास

नम *वि०* तर

नमक *पुं०* मीठुं , लुण

नमस्कार *पुं०* ज़ेरामजी

नमस्ते *स्त्री०* राम-राम, जे राम जी

नमी *स्त्री०* तरी

नया *वि०* नवो

नये *क्रि०वि०* नवी

नर *पुं०* आदमी

नरम *वि०* कुल्लु

नल *पुं०* नळ

नलकूप *पुं०* पताळ कुआ

नलीनुमा *वि०* नळीदार

नवाना *सक०* नमावणु

नशीला *वि०* नसीलो, भागडो

नष्ट *वि०* खतम

नलीनुमा *वि०* नळीदार

नवाना *सक०* नमावणु

नशीला *वि०* नसीलो, भागडो

नष्ट *वि०* खतम

नस्ल *स्त्री०* नसल, ओद

नहर *स्त्री०* नेळ, नेर

नहाना *अक०* न्हीलवु

नहाना-धोना *सक०* झीलवु-धोवु

नहीं *क्रि०वि०* ना

नाक *स्त्री०* नकोरू

नाखून *पुं०* नोक

नागफनी *स्त्री०* पापड़ नी थुएर

नाचना *अक०* नासवु

नाजायज *वि०* वगर काम नु,गलत

नाथ *स्त्री०* नात

नादान *वि०* भोंळु,अणहमज़

नानाजी *पुं०* दाज़ी

नानी *स्त्री०* ममाई

नाम-मात्र *क्रि०वि०* साप कम

नायलान *पुं०* नायलोल, नाजोगु

नारंगी *स्त्री०* मौसम्बी

नारी *स्त्री०* बइरू

नारु (एक विशेष कीड़ा) *पुं०* वाळो

नारे बाजी *स्त्री०* नारा लगाव्वा

नाल *स्त्री०* नाळ

नाला *पुं०* वेळो

नालायक *पुं०* नलायक, ना जोगु

नाली *स्त्री०* नाळी

नाव *स्त्री०* नावड़ो

नासमझ *वि०* अणहमज़

निकट *क्रि०वि०,पर०* पाए,पाहे

निकटतम *वि०* साप आयनो

निकलना *अक०* निकळवु

निकालना *सक०* काड़वु

निकाह *सक०* हहाये, सादी

निखरना *अक०* परखवु

निगरानी *स्त्री०* नजर माए

निगलना *सक०* गली जावु

निगाह *स्त्री०* नज़र, निगा

निगोड़ी *स्त्री०* नकटी, नींस

निचोड़ना *सक०* नसुवणु नेसब्बु

निजी *वि०* खुदनु, पोतानु

नित *क्रि०वि०* दाडु, अमेसा

निथारना *सक०* नेतारवु

निधन *पुं०* मोत

निबौली *स्त्री०* निबोळी

नियम *पुं०* नेम

नियंत्रण *पुं०* काबू

नियुक्त *वि०* लगावणु

निरर्थक *पुं०* वगर मतलब नु, इमुस
निराई करना *सक०* निंदवु, लिंदवु
निराला *वि०* विलक्षण, असमानवणो
निराश *वि०* खिजावु
